विषय :- हिंदी          कक्षा:- IV          शिक्षिका:- श्रीमती पूजा सहगल /श्रीमती जितेन्द्र कौर

नामः- _______          सेक्शन :- __          रोल नंबर :- ____          दिनांक

# पाठ - 9

# "आइजक न्यूटन"

## शब्दार्थ

1 ऑगन

2 गुरुत्वाकर्षण

3 वैज्ञानिक

4 सर्वोच्च

5 न्यूटन

6 औपचारिक

7 रचनात्मक

8 प्रतिभा

9 तथ्य

10 तल्लीनता

11 जिज्ञासु

## शब्दार्थ

1 गुरुत्वाकर्षण - पृथ्वी को अपनी ओर खींचने की शक्ति

2 समस्त - सारे

3 तथ्यों - सच्चाई

4 देहांत - मृत्यु

5 तल्लीनता - मग्न होना

6 सर्वोच्च - सबसे ऊँचा

7 औपचारिक - दिखावटी

8 जिज्ञासु - जानने की इच्छा

## मौखिक प्रश्न

**क) प्रः अमन किससे खेल रहा था ?**

उत्तर : अमन गेंद से खेल रहा था ।

**ख) प्रः अमन किस बात से परेशान था ?**

उत्तरः अमन की गेंद ऊपर फेंकने पर नीचे आ जाती थी।

**ग) प्रः दादाजी ने उसे किसके बारे में बताया ?**

उत्तरः दादाजी ने उसे आइज़क न्यूटन के बारे में बताया ।

**घ) प्रः न्यूटन का पूरा नाम क्या था ?**

उत्तरः न्यूटन का पूरा नाम आइजक न्यूटन था।

ङ) प्रः न्यूटन का स्वभाव कैसा था ?

उत्तरः न्यूटन का स्वभाव सहनशील और शांत था ।

## लिखित प्रश्न :

क) प्रः न्यूटन की किस खोज ने उन्हें महान वैज्ञानिक बनाया ?

उत्तरः गुरुत्वाकर्षण शक्ति की खोज ने न्यूटन को महान वैज्ञानिक बनाया ।

ख) प्रः गुरुत्वाकर्षण की खोज से जुड़ी कौन - सी घटना दादाजी ने अमन को सुनाई ?

उत्तरः सेब के पेड़ के नीचे गिरने की घटना दादाजी ने अमन को सुनाई ।

ग) प्र : न्यूटन का बचपन कैसा बीता ?

उत्तरः न्यूटन का जीवन बहुत कष्ट में बीता था । उनके जन्म से पहले ही उनके पिता की मृत्यु हो गई । पालन - पोषण करने के लिए उनकी माँ ने खेती - बाड़ी की ।

घ) प्रः न्यूटन ने पवन चक्की का निर्माण कैसे किया ?

उत्तर : एक दिन उनके घर में चूहे दानी में एक चूहा आ गया । अब चूहा बाहर निकलने की कोशिश करने लगा ! न्यूटन ने यह देखकर चूहे के साथ अपनी पवन चक्की जोड़ दी । अब जब -जब चूहा बाहर निकलने की कोशिश में इधर-उधर भागता, न्यूटन की पवन चक्की भी चलने लगती ।

ङ) प्रः न्यूटन को विश्व किसका प्रतीक मानता है ?

उत्तरः न्यूटन को विश्व लगन, साधना और परिश्रम का प्रतीक मानता है ।

# अभ्यास कार्य

पृष्ठ संख्या - 67, 68, 69

यह कार्य पुस्तक में करें ।

2) सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए ।

क) गुरुत्वाकर्षण शक्ति का पता सबसे पहले किसने लगाया ?

आइज़क न्यूटन ✔

ख) न्यूटन के पिता क्या थे ?

किसान ✔

ग) न्यूटन ने कौन -सी आयु में पवन चक्की का निर्माण किया ?

बारह वर्ष ✔

घ) न्यूटन की गति के कितने सिद्धांत प्रसिद्ध है ?

तीन ✔

3) सही वाक्य ✔ पर और गलत वाक्य पर ✖ लगाइए |

क ) न्यूटन को सर्वोच्च उपाधि से सम्मानित किया गया ।✔

ख)न्यूटन के जन्म से पहले उनकी माँ की मृत्यु हो चुकी थी ।✖

ग) न्यूटन की पढ़ाई सुचारू रूप से चलती रही ।✖

घ) न्यूटन काम के धनी थे ।✔

ङ) न्यूटन ने रंगों के बारे में खोजें की । ✔

2 )नीचे दिए गए शब्दों का वर्ण - विच्छेद कीजिए ।

क) परेशान - प् + अ + र् + ए + श् + आ + न् + अ

ख) पढ़ाई - प्+ अ + ढ़् + आ + ई

ग) विशेष - व् + इ + ज्ञ् + आ + न् + अ

घ) भौतिक - भ् + औ + त् + इ + क् + अ

ङ) प्रतीक - प् + र् + अ + त् + ई + क् + अ

4) प्रत्येक पंक्ति में दिए गए शब्दों के सही विलोम पर (✔)पर लगाइए |

क) जन्म - मरण✔

ख) विशेष - साधारण✔

ग) औपचारिक - अनौपचारिक✔

घ) शांत - अशांत ✔

ङ) बाहर - अंदर✔

7 )प्रत्येक पंक्ति में उस पर सही (✔)का निशान लगाइए जो पर्यायवाची नहीं है ।

| | | |
|---|---|---|
| क) विश्व - संसार | दुनिया | देश✔ |
| ख) पेड़ - पौधा ✔ | वृक्ष | तरु |
| ग) पृथ्वी - भू | धरती | पाताल ✔ |

घ) घर - पाठशाला✔ आलय गृह

यह कार्य हिंदी अभ्यास - पुस्तिका (notebook) में करें ।

3) नीचे दिए 'र' के चिह्नों वाले तीन - तीन शब्द लिखिए ।

- र रात - बाहर रंग रोहन
- ृ निर्माण - आश्चर्य वर्ष कार्य
- ॒ राष्ट्र - ड्रम ड्राइवर ट्रक
- ्र प्रतीक - प्रेम प्रसंग प्रतिभा

5) अनेक शब्दों के एक शब्द चुनकर लिखिए ।

क) जो विज्ञान के क्षेत्र में काम करें - वैज्ञानिक

ख) जो गणित के क्षेत्र में काम करें - गणितज्ञ

ग) जिज्ञासा करने वाला - जिज्ञासु

घ) नई-नई खोज करने वाला - आविष्कारक

ङ) पृथ्वी की अपनी ओर खींचने की शक्ति - गुरुत्वाकर्षण शक्ति

6) नीचे दिए मुहावरों में दाँत शब्द का प्रयोग हुआ है । इनके अर्थ समझकर वाक्य बनाइए ।

क) काजल की नई किताब फटने पर वह दाँत पीसने लगी ।

ख) भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना के दाँत खट्टे कर दिए ।

ग) जनवरी के महीने में दाँत से दाँत बजने लगते हैं ।